

# अस्पताल में टीएमटी सुविधाएं शुरू कराई जायें : डीएम

## कार्य में उदासीनता बरतने वाले सीएचओ के वेतन काटने के निर्देश, बैठक आयोजित




**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 26 फरवरी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने कहा कि जिला चिकित्सालय श्योपुर में उपलब्ध टीएमटी एवं ईको मशीनों की स्थापना कर है। रोग संबंधी जांच शुरू कराई जायें। जिससे जिले के लोगों को है। रोग से संबंधी जांच का लाभ स्थानीय स्तर पर मिल सकें। वे आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

बैठक में सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार, सिविल सर्जन डॉ आरबी गोयल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जेएन सक्सैना, डॉ संजय मंगल, डॉ एसएन बिंदल, डॉ मुकेश मीणा, डॉ यतेन्द्र रावत, डॉ शाक्य, डॉ जीके गोयल सहित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के प्रभारी, श्योपुर, कराहल, विजयपुर के बीपीएम आदि उपस्थित थे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि जिला चिकित्सालय श्योपुर में हृद्य रोग संबंधित जांचों के लिए टीएमटी एवं ईको मशीने उपलब्ध है, इन मशीनों के माध्यम से जांच की सुविधा सुचारू कराई जायें। गर्भवती महिलाओं के एएनसी पंजीयन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि कर्तव्य के प्रति उदासीनता बरतने वाले सीएचओ का सात-सात दिवस का वेतन काटने की कार्यवाही की जायें। इसके बाद भी कार्य में सुधार परिलक्षित नही होता है तो पद से पृथक करने की कार्यवाही के लिए प्रस्ताव भोपाल कार्यालय को भेजा जायें। उन्होंने बुढेरा, कर्राई, बावडीचापा, कराहल, गिरधरपुर, मयापुर, पनवाडा, मोरावन, गोरस, कलमी, धामिनी आदि सेंटरो अंतर्गत एएनसी पंजीयन बढाये जाने के निर्देश दिये।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट अर्पित वर्मा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की नियमित रूप से जांच के लिए माह की प्रत्येक 9 एवं 25 तारीख को सामुदायिक केन्द्रों पर आयोजित किये जाने वाले शिविरों में चिन्हित हाईरिस्क महिलाओं पर आशा एवं एएनएम के माध्यम से निगरानी रखी जायें तथा आंगनबाडी कार्यकर्ताओं के माध्यम से उनके उचित पोषण आहार के संबंध में काउंसलिंग सुनिश्चित की जायें। आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि कराहल में आयुष्मान कार्ड बनाये जाने की गति बढाई जायें।

### आरबीएसके अंतर्गत विजयपुर क्षेत्र में शिविर लगाने के निर्देश

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री वर्मा ने राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि विजयपुर क्षेत्र में सतत् रूप से शिविर लगाकर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जायें तथा उपचार के लिए चिन्हांकन सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत नियुक्त चिकित्सक डॉ सीपी शर्मा, डॉ सबीना खान एवं डॉ गिर्राज जागिड को विजयपुर में ही कैम्प करने एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के लिए दायित्व सौपा जायें।

बैठक के दौरान बताया गया कि आरबीएसके अंतर्गत इस वर्ष अभी तक 567 बच्चों का निशुल्क उपचार कराया गया है, जिसमें क्लबफुट के 30, हृद्य रोग से संबंधित 25, कॉकलीयर इंप्लाट के 07, डेंटल केरिज के 310, विजन इमपेयरमेंट के 35, ओटाईटिस मीडिया के 07, कटे-फ्टे होठो के 25, न्यूरल ट्यूब डिफेक्टस के 02 तथा अन्य सर्जरी से संबंधित 126 बच्चे शामिल है, जिन्हें मध्यप्रदेश सरकार की योजनाओं के तहत निशुल्क उपचार प्रदान किया गया है।

राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत टीबी रोगियों को फूड बॉस्केट प्रदाय करने के निर्देश दिये गये, बैठक में बताया गया कि 1 लाख 70 हजार 39 लोगों की स्क्रीनिंग के लक्ष्य के विरूद्ध अभी तक 1 लाख 63 हजार 347 की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिले में लक्ष्य के विरूद्ध 96.06 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने निर्देश दिये कि बडौदा में 91 प्रतिशत प्रगति है, जो असंतोषजनक है, इसे बढाया जायें। कार्यक्रम प्रभारी डॉ यतेन्द्र रावत ने बताया कि वर्तमान में जिले में 2792 रोगियों का उपचार चल रहा है। मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान मई-जून से पहले पर्याप्त मात्रा में रेपिड डायग्नोस्टिक टेस्ट किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।



# होली और रमजान को लेकर विजयपुर थाना में शांति बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**विजयपुर, 26 फरवरी।** विजयपुर में आगामी होली एवं रमजान पर्व को शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को विजयपुर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में दोनों प्रमुख त्यौहारों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित नागरिकों ने कहा कि रंगों का पर्व होली आपसी प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक है, जिसे मिलजुलकर मनाने से समाज में खुशहाली और एकता का संदेश जाता है। वहीं पवित्र माह रमजान को भी सभी धर्म वर्गों द्वारा परंपरागत सौहार्द के साथ मनाया जाता रहा है। इस वर्ष भी दोनों पर्वों को प्रेम और पारस्परिक सम्मान के साथ मनाने का संकल्प लिया गया।

थाना प्रभारी ने स्पष्ट किया कि त्यौहार के दौरान हुड़दंगियों और असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या उपद्रव करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि त्यौहार के दौरान गहन गश्ती की जाएगी तथा संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। बैठक में डीजे की निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन, जुलूस मार्ग की व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा की गई। उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति, सद्भाव और पारंपरिक उत्साह के साथ होली एवं रमजान पर्व को संपन्न कराना रहा। प्रशासन और नागरिकों के संयुक्त प्रयास से विजयपुर में भाईचारे और एकता का संदेश देने की बात कही गई।

## एक नजर में



### विजयपुर एवं बड़ौदा में गर्भवती महिलाओं की जांच हेतु शिविर आयोजित

**श्योपुर, 26 फरवरी।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व वंदन योजना अंतर्गत आज कराहल, विजयपुर, बड़ौदा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर शिविरों का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ दिलीप सिकरवार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर कैंप में स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. प्रदीप शर्मा ने 40 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई जिसमें 8 हाईरिस्क वाली, 38 एएनसी महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए रेफर किया गया। इसी प्रकार बड़ौदा कैंप में स्त्री रोग विशेष डॉ रेखा जैन ने 44 एएनसी महिलाओं की जांच की गई जिसमें 14 हाईरिस्क, 01 पीआईएच महिलाएं चिन्हित की गई। कराहल में स्त्री रोग विशेष डॉ कृतिका ने 40 एएनसी महिलाओं की जांच की, जिसमें 6 हाईरिस्क वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन किया गया।



### प्राध्यापक कुरैशी को मिली पीएचडी उपाधि

**श्योपुर, 26 फरवरी।** महाविद्यालय श्योपुर के सहायक प्राध्यापक आसिफकुरैशी को बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा भारत में अल्प संख्यकों के मानव अधिकार मध्य प्रदेश के विशेष संदर्भ में नामक विषय पर डॉक्टरेट ऑफफिलॉसफी की उपाधि प्रदान की गई है। उल्लेखनीय है कि आसिफकुरैशी का स्पेशलाइजेशन अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और मानवाधिकार है। उनकी इस विशेष उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ रमेश कुमार भारद्वाज, डॉ सुभाष, डॉ बीरेंद्र सिंह, डॉ लोकेंद्र सिंह जाट, प्रो अजीत सिंह और डॉ सीमा चौकसे आदि ने बधाई दी।



### वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में दिलीप ने जीता कांस्य पदक

श्योपुर, 26 फरवरी। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर के छात्र दिलीप शर्मा ने इंदौर में आयोजित महाविद्यालयीन राज्य स्तरीय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता के 88 किलोग्राम कैटेगरी में कांस्य पदक जीता है। ज्ञात रहे कि दिलीप शर्मा इसके पूर्व जीवाजी विश्वविद्यालय की वेटलिफ्टिंग टीम का हिस्सा भी रहे थे। दिलीप की इस विशेष उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा, वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रमेश भारद्वाज, डॉ सुभाष चंद्र, डॉ लोकेंद्र सिंह जाट, खेल संयोजक प्रो गुमान सिंह, जिला वेटलिफ्टिंग संघ के प्रतिनिधि सूरज भदौरिया द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान डॉ ओपी शर्मा ने दिलीप शर्मा की इस विशेषतम उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### होली उत्सव मेला आज से शुरू

श्योपुर, 26 फरवरी। मध्यप्रदेश ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत दो दिवसीय होली उत्सव मेले का आयोजन श्रीरामतलाई हनुमान जी मंदिर परिसर श्योपुर में 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। डीपीएम एनआरएलएम सोहनकृष्ण मुदगल ने बताया कि होली उत्सव मेले के दौरान एनआरएलएम अंतर्गत संचालित समूहों द्वारा पलास, गुलाब, गेंदा, बोगनविलिया आदि के फूलों से तैयार हर्बल गुलाल का विक्रय किये जाने हेतु स्टॉल लगाये जायेंगे। आम नागरिकों को होली से पूर्व प्राकृतिक रंग उपलब्ध कराने के लिए आयोजित यह मेला प्रातः 10 बजे से सांय 07 बजे तक संचालित रहेगा।

# त्रिवेणी संगम पर चढ़ाई चुनरी, सीप संकल्प पदयात्रा आयोजित

## दीप दान किया, जुटी 4 लाख से अधिक सहयोग निधि

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 26 फरवरी।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में गत 20 फरवरी से जारी सीप नदी संकल्प पदयात्रा का समापन आज रामेश्वर स्थित त्रिवेणी संगम पर समारोहपूर्वक किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, कैलाश पाराशर, जयसिंह जादौन, आदित्य चौहान, पूरनमल जांगिड, राजेन्द्र गुप्ता, ओपी पाराशर, चौथमल शर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, गिर्राज चौधरी, डॉ ओपी टकसाली, फूलचंद सोनी, सुरेश शर्मा, लालचंद लाला भाई, हंसराज मीणा, श्रीमती नेहासिंह, सरपँच मानपुर लक्ष्मीनारायण आर्य, जैनी सरपँच रामभरत मीणा, भरत शर्मा, डॉ लोकेश तिवारी, बीपी सिंह, रामअवतार शर्मा, गोपाल रघुवंशी, लेखराज सुमन, कमलेश गोस्वामी, विद्यासागर गौतम आदि उपस्थित रहें।

विरासत मध्यप्रदेश न्याय चेप्टर श्योपुर अंतर्गत सीप संकल्प पदयात्रा का शुभारंभ गत शुक्रवार को उदगम स्थल पनवाडा से हुआ था, 6 दिनों तक आयोजित पदयात्रा के दौरान सीप नदी के किनारे बसे ग्रामों में नदी संरक्षण के प्रति जन जागरण करते हुए यात्रा आज रामेश्वर स्थित त्रिवेणी संगम पहुंची, जहां अपर कलेक्टर



रूपेश उपाध्याय द्वारा चुनरी चढाई गई तथा पूजन अर्चन कर दीपदान किया गया।

मंचीय कार्यक्रम के दौरान पदयात्रा का नेतृत्व करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता कैलाश पाराशर, जय सिंह जादौन एवं आदित्य चौहान का साफा बांधकर सम्मान किया गया। इसके साथ ही पदयात्रा में शामिल अन्य सहयात्रियों को प्रशस्ती पत्र भेंट किये गये।

**रामेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए जुटी 4 से अधिक सहयोग निधि:** इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान रामेश्वर महादेव मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु 4 लाख 6 हजार 300 रूपये की सहयोग राशि जुटाई गई, जिसमें ग्राम जैनी निवासी बल्लू मीणा द्वारा 2 लाख रूपये, गिर्राज चौधरी द्वारा 5 हजार रूपये, बीपी सिंह सोई द्वारा 21 हजार रूपये, ओमप्रकाश पाराशर मानपुर द्वारा 5100 रूपये, सरपंच जैनी रामभरत मीणा द्वारा 51 हजार रूपये, दीनबंधु मीणा सोठवा द्वारा 51 हजार रूपये, सरंपच लक्ष्मीनारायण आर्य द्वारा 11 हजार रूपये, डॉ लोकेश तिवारी द्वारा 11 हजार रूपये, चतुर्भुज उपाध्याय द्वारा 5100 रूपये, राम महाराज जी सरोदा मंदिर द्वारा 2100 रूपये, राममुकुट मीणा ठेकेदार द्वारा 11 हजार रूपये, जगदीश शर्मा मानपुर द्वारा 11 हजार रूपये, विद्यासागर गौतम द्वारा 11 हजार रूपये एवं आदित्य चौहान द्वारा 11 हजार रूपये की सहयोग निधि दिये जाने की घोषणा की गई।

पदयात्रा में शामिल यात्रियों एवं सहयात्रियों को प्रशस्ती पत्र भेंट किये गये, जिनमें जय सिंह जादौन, कैलाश पाराशर, आदित्य चौहान, दिनेश सोनी, डॉ लोकेश तिवारी, सियाराम सुमन, राजेन्द्र गुप्ता, चौथमल शर्मा, श्रीमती नेहा सिंह, डॉ संजय सिंह चौहान, पूरणमल जागिड, लेखराज सुमन, तुलसीराम सुमन, महावीर सुमन, प्रदीप सुमन, रघुवीर सुमन, राजेन्द्र सुमन, बालाराम गुर्जर, लेखराज सिंह गुर्जर, रामअवतार शर्मा, गिर्राज सिंह चौधरी, हरि सिंह मीणा, आकाश मीणा, रामअवतार सुमन, डॉ फूलचंद सोनी, सुरेश शर्मा, लाखन सिंह रावत, बीपी सिंह आदि शामिल रहे।

### पीजी कॉलेज में युवा संगम रोजगार मेला आज

**श्योपुर, 26 फरवरी।** शिक्षित बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन शासकीय महा विद्यालय श्योपुर में 27 फरवरी को प्रात: 11 बजे से 3 बजे तक किया जायेगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि इस युवा संगम रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों यसएचआर सोलूशन भीवाडी राजस्थान, द ही टर्च गियर भीवाडी राजस्थान, रिलाइवल फस्ट एडकॉन प्रायवेट लिमिटेड पीथमपुर धार, एलाईड रिसोर्स मैनेजमेंट सर्विस प्रायवेट लिमिटेड पीथमपुर धार, निडेक प्रायवेट लिमिटेड नीमराना राजस्थान, ईगल सिक्योरिटी सर्विस एण्ड गुरूकृपा कन्सेल्टी शिवपुरी, एसबीआई क्रेडिट कार्ड सौलूशन गुना, एसबीआई लाइफ इन्शोरेंस श्योपुर, भारतीय जीवन बीमा निगम श्योपुर एवं जन शिक्षण संस्थान श्योपुर आदि कंपनियां उपलब्ध रहेगी। जिला रोजगार कार्यालय, शासकीय आईटीआई, जिला व्यापार एवं उद्योग तथा एनआरएलएम के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होगा।

## नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए हुई बैठक

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 26 फरवरी।** नेशनल लोक अदालत के सफ्ल कियान्वयन हेतु माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कपिल मेहता की अध्यक्षता में जिला मुख्यालय पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, बैंक के अधिकृत अधिकारियों व संबंधित अधिव क्तागण धारा 138 एन.आई. एक्ट से संबंधित मामलों व विभिन्न विभागों के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन जिला न्यायालय श्योपुर परिसर में स्थित ए.डी.आर. भवन में किया गया।

बैठक में धारा 138 एन.आइ. एक्ट व अन्य राजीनामा योग्य मामलों का उक्त नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत किये जाने हेतु चर्चा की गई एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों व अधिवक्ताओं को नेशनल लोक अदालत का विस्तृत रूप से प्रचार-प्रसार करने के साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि जिन प्रकरणों को प्रीलिटिगेशन के माध्यम से निराकृत किया जा सकता है, उन प्रकरणों में पक्षकारों को समझौतावार्ता हेतु समय सीमा पर नोटिस जारी कर प्रीसिटिंग के माध्यम से समझाईश दी जाए जिससे उनके प्रकरणों को न्यायालय में दर्ज होने के पूर्व नेशनल लोक अदालत में निराकृत किया जा सके।

इस अवसर पर संजय गोयल प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, लीलाधर सोलंकी विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत. ओम प्रकाश गुप्ता, अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ, श्योपुर, सुश्री प्रतिष्ठा अवस्थी, प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, बबीता हौरा शर्मा, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सुश्री संध्या मरावी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, श्रीमती वर्षा सूर्यवंशी मजूमदार, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमोघ अग्रवाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, श्रीमती मनदीप कौर सेहमी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुश्री ऋचा भट्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, सुश्री पूर्वी राय, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी योगेश बंसल जिला विधिक सहायता अधिकारी, शरद जैन, सचिव जिला अभिभाषक संघ, श्योपुर एवं बैंक, बी एस. एन एल विभाग के अधिकारीगण व संबंधित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### शहद मिशन योजना अंतर्गत सेमीनार आज

**श्योपुर, 26 फरवरी।** राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय एक दिवसीय सेमीनार का आयोजन 27 फरवरी को किया जा रहा है। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख केवीके डॉ कायम सिंह ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य उद्यानिकी मिशन संचालनालय उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण अंतर्गत सेमीनार का आयोजन 27 फरवरी को प्रात: 11 बजे से निषादराज भवन जिला पंचायत परिसर श्योपुर में किया जायेगा।

# लक्ष्यपूर्ति के लिए सक्रियता आवश्यक : सीईओ

## पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**श्योपुर, 26 फरवरी।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

सीईओ श्रीमती सौम्या आनंद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा पात्र पशुपालकों को समय-सीमा में लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि विभागीय लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति के लिए सतत



मॉनिटरिंग एवं मैदानी स्तर पर सक्रियता आवश्यक है।

समीक्षा के दौरान कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण कार्यक्रम, पशु स्वास्थ्य सेवाएं, दुग्ध उत्पादन संवर्धन तथा विभिन्न योजनाओं की ऑनलाइन एवं बैंकिंग प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण बढ़ाने, लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा योजनाओं की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर पशु चिकित्सा सुभाष दोहरे एवं क्षेत्रीय पशु चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती हिना बानो, श्री आबिद खान हिना ब्यूटी पार्लर (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10438489) | मकान संख्या 1918, कृष्णा कॉलोनी, सर्वे संख्या 419 और 420, पी.एच.एन. 56, आर.एन.एम. 04, लश्कर, वी.के. घटीगांव, वार्ड संख्या 07, ग्राम-जगनापुरा, ग्वालियर, म.प्र. 474003 क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः क्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफलः 750 | रू. 1606000/- सोलह लाख छह हजार मात्र | 04-12-2025 | 24/02/2026 |
| श्री सीताराम यादव श्रीमती राजकुमारी यादव दूध डेयरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10481498) | नगर पालिका संख्या 681, सती विहार कॉलोनी, सर्वेक्षण संख्या 261 और अन्य, वार्ड संख्या 07, ग्राम-जगनापुरा, ग्वालियर, मध्य प्रदेश 474003 क्षेत्रफल माप (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्रफल, निर्मितक्षेत्रफल, कालीनक्षेत्रफल संपत्ति का क्षेत्रफलः 790, 890, 756.50 | रू. 1989268/- उन्नीस लाख नवासी हजार दो सौ अड़सठ मात्र | 04-12-2025 | 24/02/2026 |
| श्री भगत सिंह रावत श्रीमती गिरजा बाई रावत भगत (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10513014) | पटवारी हल्का क्रमांक 18, क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट, ग्राम नायगाँव, तहसील भीतरवार, जिला ग्वालियर, मध्य प्रदेश, 475220, भारत में स्थित। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र, कालीन क्षेत्र। संपत्ति का क्षेत्रफलः 1000.00, 989.00, 700.00 | रू. 432357/- चार लाख बत्तीस हजार तीन सौ सत्तावन मात्र | 16-10-2025 | 24/02/2026 |

अधिक जानकारी के लिए, शाखा कार्यालयः डी-1, भूतल, बसंत विहार, ग्वालियर - 474002 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः ग्वालियर
दिनांकः 27.02.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।

# पांचों कॉलोनी में गौरवपूर्ण वृद्धावस्था अभियान आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**विजयपुर, 26 फरवरी।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की शाखा विजयपुर के माध्यम से गौरवपूर्ण वृद्धावस्था सम्मानित जीवन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में गौरवपूर्ण वृद्धावस्था सम्मानित जीवन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता रथ यात्रा के माध्यम जागरूकता की जा रही है। अभियान प्रभारी बीके शशि बहन ने बताया कि गुरुवार को अभियान का रथ पांचो कॉलोनी होते हुए धवाईपुरा, मल्लापुरा, मोहनपुरा में प्रचार प्रसार करते हुए पांचो गांव पहुंचा।

इस दौरान जगह-जगह पर



गली मोहल्ले में जागरूकता रथ के साथ चल रहे ब्रह्माकुमारी संस्था के समाज सेवा प्रभाग के सदस्यों ने जागरूकता रथ पर लगी चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से माता बहनों बच्चों व भाइयों को जागरूक करने का कार्य किया गया। इसके अलावा साफसफाई व स्वच्छता पर भी लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया। बताया गया कि जहां स्वच्छता है वहां पवित्रता है और जहां पवित्रता है वहां पर परमात्मा है स्वस्थ व स्वच्छ दिनचर्या होने पर ही व्यक्ति के तन और मन में हेल्थ वेल्थ और हैप्पीनेस रहती है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा**

पता- आजाद भवन टाउन हॉल खंडवा, 450001 दूरभाष-0733 2223523
ईमेल- commkhanndwa@mpurban.gov.in

क्रमांक / भण्डार / 202 / 339 खण्डवा दिनांक 10/02/2026

**वार्षिक निविदा विज्ञप्ति**

संबंधित क्षेत्र के सामग्री प्रदाताओं से निम्नलिखित सामग्री प्रदाय के लिए ई-निविदा प्रकिया में माध्यम से दरें आमंत्रित की जाती है। विस्तृत, कार्य से संबंधित समस्त अर्हताए एवं आवश्यक दस्तावेज www.mptenders.gov.in पर देखे जा सकते हैं।

| क्र. | निविदा क्रमांक | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_485330_1 | Supply of ISI marked HAVELLS /PANASONIC /WIPRO/BAJAJ/PHILLIPS/ ANCHOR/OREVA SURYA / Crompton / V Guard / Poly cab Company Make Electric Material as per the list provided in BoQ including all duties and Taxes | 50 लाख | 5000/- | 50000/- |

निविदा ऑनलाइन क्रय तथा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 27/02/2026 सांय 6 बजे तक
तकनीकी निविदा खोलने की तिथि - 01/04/2026 प्रातः 10 बजे

आयुक्त
नगर पालिक निगम, खण्डवा